डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-19 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2020–21 दिनांकः–22 जून, 2020

## सेमेस्टर परीक्षा, अगस्त माह, 2020 हेतु ऑनलाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं में शैक्षिक सत्र 2019–20 में संचालित **डिप्लोमा, स्नातक एवं परास्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर) के सत्रांत / वर्ष में अध्ययनरत् विद्यार्थियों** को सूचित किया जाता है कि उनकी सेमेस्टर परीक्षा अगस्त माह 2020 का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा समय–सारिणी शीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं के संचालित पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (Enrollment No./ Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये **परीक्षा आवेदन दिनांक 22.06.2020 से दिनांक 05.07.2020 तक परीक्षा आवेदन–पत्र भर सकते हैं।** साथ ही विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में विद्यार्थी उक्त ऑन लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।

2) **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं** के सम्बन्ध में आवेदन करने वाले विद्यार्थी बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में निर्धारित परीक्षा शुल्क की धनराशि को RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन–प्रपत्र एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी / संबंधित संस्थान की होगी।

3) परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार विश्वविद्यालय द्वारा चयनित 22 परीक्षा केन्द्रों (जिसकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ उपलब्ध है) में से निकटस्थ / इच्छित परीक्षा केन्द्र (स्थान का नाम कोड सहित) का चयन कर अपना विकल्प यथा स्थान अंकित करना सुनिश्चित करेंगे। तदनुरूप ही उन्हें मनोवांछित परीक्षा केन्द्र से सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

4) परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों को परीक्षा के निमित्त आने–जाने हेतु यात्रा व्यय का वहन स्वयं करना होगा। विश्वविद्यालय द्वारा उनके ठहरने तथा भोजन इत्यादि के सम्बन्ध में कोई व्यवस्था नहीं की जायेगी।

5) परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे अपने ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानी पूर्वक स्वयं भरें। विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन / परिमार्जन का अवसर उन्हें नहीं प्रदान किया जायेगा।

6) विश्वविद्यालय में संचालित शेष अन्य समस्त अधिसत्रांत परीक्षाओं के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा परिस्थितियों का समुचित आकलन करने के उपरान्त विद्यार्थियों को पृथक् से सूचना वेबसाइट के माध्यम से कम से कम 15 दिवस पूर्व प्रदान की जायेगी।

7) ऑन लाइन किये जाने के सम्बन्ध में किसी भी समस्या के निवारण हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

8) श्रुति लेखक की व्यवस्था दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को स्वयं करनी होगी, श्रुति लेखक का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।

9) अन्तिम सत्रांत (फाइनल सेमेस्टर/वर्ष) के जिन विद्यार्थियों का किन्हीं कारणों से शुल्क आदि विश्वविद्यालय में जमा नहीं हो पाया है, उन्हें इस शर्त के साथ परीक्षा में सम्मिलित किया जायेगा कि उनका परीक्षा परिणाम अवशेष शुल्क आदि (यदि हो) जमा होने के पश्चात् ही घोषित किया जायेगा।

10) **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी चालान की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।
6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक पत्र/प्रमाण–पत्र, स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक पत्र/प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KB साइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KB साइज में।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्रांक: COE-19/DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2020–21 दिनांक:–22 जून, 2020

<u>प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान के संबंधित प्राचार्य को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने स्तर से भी विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) सूचीबद्ध विवरण सहित अपने कार्यालय में सुरक्षित रखे तथा उसकी साफ्ट कॉपी हधोहस्ताक्षरित की ई–मेल coe@dsmnru.ac.in/aoexam@dsmnru.ac.in पर दिनाँक 08.07.2020 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
6. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव